प्रेस विज्ञप्ति

- **इस वर्ष की थीम 'यूनिवर्सल एक्सेसेबिलिटी'**
- **हेरिटेज वॉक, लोक नृत्य, शहनाई वादन, फोटो मोंटाज और पोस्ट कार्ड मेकिंग कॉम्पिटिशन का आयोजन**

राजस्थान में आज हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 'विश्व पर्यटन दिवस'

जयपुर, 27 सितम्बर। प्रदेश में आज 'विश्व पर्यटन दिवस' हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। राजस्थान सरकार के पर्यटन निदेशक, श्री आशुतोष ए.टी. पेडनेकर के नेतृत्व में आयोजित 'हेरिटेज वॉक' के साथ आज जयपुर में 'विश्व पर्यटन दिवस' सेलीब्रेशन की शुरूआत हुई। 'ए वॉक अराउंड द लिविंग कल्चर ऑफ जयपुर' थीम पर आधारित यह वॉक 2.5 किलोमीटर की थी।

अजमेरी गेट से शुरू होकर यह वॉक किशनपोल बाजार, राजस्थान स्कूल ऑफ आर्ट और 'मणिहारों का रास्ता' होते हुए जंतर–मंतर पहुंच कर समाप्त हुई। वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने 'लाइट वाली हवेली' और 'गेट वाली हवेली' जैसी कुछ पुरानी हवेलियों को देखा।

इस वॉक का उद्देश्य ऐतिहासिक गुलाबी नगर के भवनों, रास्तों, मंदिरों और गेटों में अंतर्निहित सांस्कृतिक विरासत की शिल्प एवं कलात्मक को जानना था। यह वॉक संयुक्त रूप से राजस्थान के पर्यटन विभाग; पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, जयपुर नगर निगम और द्रोण फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित की गई।

इस वर्ष की थीम 'यूनिवर्सल एक्सेसेबिलिटी' को ध्यान में रखते हुए वॉक के पश्चात् विशेष बच्चों के लिए जंतर–मंतर पर 'डिसेबिलिटी ड्राइव' का आयोजन किया गया। इस ड्राइव में जयपुर के 'दिशा' एनजीओ के लगभग 20 विशेष बच्चों ने भाग लिया। जंतर–मंतर पर पर्यटकों का पारंपरिक पुष्प से स्वागत किया गया और शहनाई वादन, कच्छी घोड़ी नृत्य सहित अन्य गतिविधियां भी आयोजित की गई।

पर्यटन सचिव ने भी की शिरकत

जंतर–मंतर पर आयोजित 'विश्व पर्यटन दिवस' समारोह में राजस्थान सरकार की पर्यटन सचिव, श्रीमती रोली सिंह ने शिरकत की। उन्होंने यहां पर आयोजित कार्यशालाएं एवं प्रतियोगिताएं के प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया और विजेताओं को सम्मानित किया। अन्य सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किये। इस अवसर पर पर्यटन सचिव ने कहा कि मोनुमेंट्स हमें इतिहास की जानकारी देते हैं। इस वर्ष की थीम 'यूनिवर्सल एक्सेसेबिलिटी' सर्वथा उपयुक्त थीम है क्योंकि सामान्य के साथ–साथ विशेष बच्चों का अधिकार है कि वे अपने इतिहास के बारे में जाने। इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन के मोबाईल एप 'ट्रिप माई वे' के बीटा ट्रायल वर्जन को भी इंट्रोड्यूज किया गया। इस एप में अभी केवल जंतर मंजर और आमेर किले को शामिल किया गया है।

पोस्टकार्ड मेकिंग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर पैलेस स्कूल की आद्यया शर्मा एवं मन्नत शांडिल्य तथा तृतीय स्थान पर माणक चौक स्कूल के राहुल मिश्रा एवं मनीष शर्मा रहें। इसी प्रकार से फोटो मोंटाज कैटेगरी में प्रथम एवं तृतीय स्थान 'आयोजन स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर' के विद्यार्थियों ने प्राप्त किया जबकि द्वितीय स्थान मनीपाल यूनिवर्सिटी ने प्राप्त किया।

राज्य सरकार के अन्य स्मारकों में भी पर्यटकों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया। इसके साथ ही स्मारकों, एयरपोर्ट एवं रेलवे स्टेशन पर पर्यटकों का पारंपरिक रूप से तिलक और पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। हवा महल और अल्बर्ट हॉल पर भी 'शहनाई वादन' की व्यवस्था भी की गई।

फोटो केप्शनः

DSC_0128 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर राजस्थान सरकार की पर्यटन सचिव, श्रीमती रोली सिंह आज जंतर–मंतर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए।

DSC_0109 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जंतर–मंतर पर पर्यटकों को पारम्परिक तरीके से स्वागत करते हुए।

DSC_0106 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जंतर–मंतर पर आयोजित 'पोस्टकार्ड मेकिंग' प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के बच्चें।

DSC_0102: 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जंतर–मंतर पर आयोजित 'फोटो मोंटाज' प्रतियोगिता में भाग लेते स्कूल के बच्चें।

DSC_0075 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जंतर–मंतर पर आयोजित लोक नृत्य कच्छी घोडी का आनंद लेते पर्यटक।

DSC_0026 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जंतर–मंतर पर आयोजित शहनाई वादन।

DSC_0012 / DSC_0004 : 'विश्व पर्यटन दिवस' के अवसर पर आज जयपुर में आयोजित 'हेरिटेज वॉक' का दृश्य।